ग्रेटर नौएडा अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम विकास कार्यों का विवरणः—

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम्य विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016—17 हेतु रु0 42.28 करोड का व्यय हुआ है तथा वर्ष 2017—18 हेतु रु0 114.00 करोड का प्राविधान किया गया है। ग्रेटर नौएडा के अधिसूचित क्षेत्र में 124 ग्रामों के कृषकों के आर्थिक, शैक्षिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी विकास हेतु प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण अवस्थापना विकास, शिक्षण केन्द्रों का विकास, अनौपचारिक शिक्षा जन स्वास्थ्य हेतु निरन्तर सफाई अभियान की योजनाएं चलाई जा रही है। प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित ग्रामों में से जिन ग्रामों की सम्पूर्ण भूमि अधिग्रहित कर ली जाती है, उन ग्रामों में सैक्टरों की भॉति समस्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है, जैसे सीवर, ड्रेनेज, पानी, बिजली एवं बरातघर इत्यादि। ग्रामों को संतृप्त करने हेतु नाली, खण्डजा, सी0सी0 रोड, ग्रामीण विद्युतीकरण एवं प्राथमिक स्कूल सम्बन्धित कार्य वर्ष 2017—18 में भी कराया जाना प्रस्तावित है।

प्राधिकरण क्षेत्र में नियोजित सैक्टरों के अन्दर पडने वाले समस्त ग्रामों को शहर में मुख्य सीवर से जोड दिया गया है एवं अधिसूचित समस्त ग्रामों में सीवर लाईन डाल दी गई है। इसके अतिरिक्त लगभग 50 ग्रामों में सामुहिक शौचालयों का निर्माण भी प्राधिकरण द्वारा किया गया है।

20.7.17

K.K. Singh

के० के० सिंह
महाप्रबन्धक (परियोजना)
ग्रेटर नौएडा औद्यो० वि० प्राधिकरण